# सारण समाहरणालय, छपरा

## Saran Collectorate, Chapra

### (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

☎ -8544428532 E-mail :- adschapra@gmail.com

पत्रांक .................... दिनांक – / /2020

प्रेषक,

प्रभारी पदाधिकारी,
–सह–
सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
सारण, छपरा।

सेवा में,

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,
सारण जिला।

विषयः– 140वीं हेलन केलर जयन्ती (27 जून, 2020) के अवसर पर वर्चुअल ई–जनजागरूकता सह ई–संवाद कार्यक्रम का आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः– राज्य आयुक्त निःशक्ततता, बिहार, पटना के पत्रांक 896 दिनांक 18.06.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा सूचित किया गया है कि 140वीं हेलेन केलर जयन्ती (27 जून, 2020) के अवसर पर आगामी बिहार विधान सभा चुनाव 2020 में दिव्यांग मतदाताओं का मतदान प्रतिशतता शत–प्रतिशत करने, मतदान के सम्पूर्ण प्रकिया एवं अवसंरचना को सरल, सुगम, समावेशी एवं बाधारहित बनाने के साथ–साथ दिव्यांगजनों के आधिकार के संरक्षण एवं कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना है ताकि अधिक संख्या में दिव्यांगजनों को सम्बल प्राप्त हो सके तथा वे अपनी राजनीतिक अधिकारों का प्रयोग कर सकें।

तदआलोक में दिनांक 27.06.2020 को हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर सारण जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम का थीम "शत प्रतिशत दिव्यांगजन करें अपने मताधिकार का प्रयोग सरल, सुगम, समावेशी एवं बाधारहित मतदान एवं 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में प्रदत अधिकार' (सुरक्षा, संरक्षण, पूर्ण भागीदारी एवं प्रोडक्टिव सीटीजन) मिले बिहार के हर दिव्यांगजनों के द्वार–द्वार" है।

अतः अनुरोध है कि इस अवसर पर अपने–अपने प्रखंड मुख्यालय में ऑनलाईन मीडिया के माध्यम से कार्यशाला, सेमिनार एवं ई–संवाद का आयोजन करना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

प्रभारी पदाधिकारी,
–सह–
सहायक निदेशक,
जिला समाजिक सुरक्षा कोशांग,
सारण, छपरा।

ज्ञापांक 234 /सा0सु0को0, छपरा दिनांक 25/06/2020

प्रतिलिपिः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सारण छपरा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि आयोजित कार्यक्रमों का इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मिडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपः– जिला प्रबंधक, जिला बुनियाद केन्द्र, सारण, छपरा को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि राज्य निःशक्तता आयुक्त, बिहार, पटना के पत्रांक 896 दिनांक 18.06.2020 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में प्रचार–प्रसार कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया जाय।

25/6/2020

प्रभारी पदाधिकारी,
–सह–
सहायक निदेशक,
जिला समाजिक सुरक्षा कोशांग,
सारण, छपरा।



Scanned with CamScanner